# पहाड़ों से मैदानों तक बारिश का खतरा

**05** सिस्टम से भारी बारिश का अलर्ट

**10** से ज्यादा राज्यों में रेड-ऑरेंज अलर्ट



**नई दिल्ली, 21 जुलाई. मानसून के बीच देश के कई राज्यों में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए बताया है कि इस समय देश के ऊपर पांच चक्रवाती परिसंचरण तंत्र सक्रिय हैं.**

इनके प्रभाव से अगले तीन से चार दिनों तक उत्तर भारत, पूर्वोत्तर और मध्य भारत के कई हिस्सों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना है. इन मौसमी परिस्थितियों के कारण पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड समेत कई राज्यों में बारिश का दौर तेज हो सकता है.

मौसम विभाग ने बताया कि वर्तमान में हरियाणा और आसपास के क्षेत्रों में निचले क्षोभमंडल में चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है. इसके अलावा उत्तर-पूर्वी मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के आसपास, दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान, पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी और तटीय आंध्र प्रदेश तथा अरब सागर में भी अलग-अलग मौसमी सिस्टम सक्रिय हैं. इन सभी के संयुक्त प्रभाव से कई क्षेत्रों में तेज बारिश होने की संभावना बनी हुई है. पिछले 24 घंटों के दौरान मेघालय में 37 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई, जो इस अवधि में सबसे अधिक रही. इसके अलावा ओडिशा, बिहार, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, विदर्भ, पूर्वी राजस्थान, असम और दक्षिणी कर्नाटक के आंतरिक हिस्सों में भी सात से 11 सेंटीमीटर तक बारिश रिकॉर्ड की गई.

> पिछले 24 घंटों में कटरा में 107.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई, जो जम्मू-कश्मीर में सबसे अधिक रही. इसके बाद राजौरी में 63 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई. वहीं 19 से 21 जुलाई के बीच केवल कटरा में 245.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है. लगातार हो रही बारिश के कारण पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन, चट्टानें गिरने और अचानक बाढ़ का खतरा काफी बढ़ गया है, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है.

# वरिष्ठ वकील आगे आएं, पेपर लीक आरोपियों को दिलाएं कठोर सजा : पीएम मोदी



**नई दिल्ली, 21 जुलाई. संसद के मानसून सत्र के बीच आयोजित 'मंगल मिलन' बैठक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए के सांसदों को संबोधित किया. इस बैठक में सभी सहयोगी दलों के सांसद शामिल हुए.**

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बैठक की जानकारी देते हुए मीडिया से बताया कि प्रधानमंत्री ने कई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों पर सरकार का पक्ष रखा और सभी सांसदों का मार्गदर्शन किया. बैठक में पेपर लीक के मुद्दे पर चर्चा हुई और पीएम मोदी ने इसे चिंता का विषय बताया. साथ ही, सरकार की ओर से उठाए गए कदमों की भी सराहना की गई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पेपर लीक का मुद्दा केवल किसी एक राज्य या केंद्र सरकार तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश की चिंता का विषय है. जैसे ही सरकार को पेपर लीक की जानकारी मिली, तुरंत कार्रवाई की गई और अब तक इस मामले में 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है. केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को एनडीए की 'मंगल मिलन' बैठक के बाद मीडिया को प्रधानमंत्री के संदेश की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने पेपर लीक को पूरे देश की चिंता का विषय बताते हुए कहा कि पेपर लीक जैसे गंभीर अपराध में शामिल लोगों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए देश के वरिष्ठ वकीलों को भी आगे आना चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसे अपराध करने वालों के मन में कानून का डर पैदा हो.

# अभिषेक पोरेल को गिरफ्तार करो

**कोलकाता, 21 जुलाई. कलकत्ता हाईकोर्ट ने कथित दुष्कर्म मामले में युवा क्रिकेटर अभिषेक पोरेल और एक अन्य व्यक्ति की गिरफ्तारी के आदेश दिए हैं. पोरेल आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेलते हैं और घरेलू क्रिकेट में बंगाल का प्रतिनिधित्व करते हैं.**



कथित दुष्कर्म मामले में हाईकोर्ट का रवैया सख्त

कोर्ट ने मोगरा पुलिस को निर्देश दिया है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और उनके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को जब्त किया जाए, ताकि जांच से जुड़े महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्यों के साथ किसी तरह की छेड़छाड़ न हो सके. मामला एक मेडिकल छात्रा की शिकायत पर आधारित है. शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि पोरेल ने शादी का भरोसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और बाद में उनके निजी पलों को रिकॉर्ड किया.

## जंघई रेलवे स्टेशन पर बम की अफवाह

**जौनपुर.** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के जंघई रेलवे स्टेशन पर मंगलवार सुबह बम होने की सूचना से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई. सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और राजकीय रेलवे पुलिस ने स्टेशन परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया. जांच में कोई विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली और सूचना फर्जी पाई गई. किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर स्टेशन पर रखे एक ट्रॉली बैग में बम होने की सूचना दी थी. सूचना मिलते ही मीरगंज थाना पुलिस और जीआरपी की टीम तत्काल मौके पर पहुंची तथा सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर पूरे स्टेशन परिसर की गहन तलाशी ली.

# योगी कैबिनेट ने दी 18 प्रस्तावों को मंजूरी

**लखनऊ, 21 जुलाई. उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 18 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी. इनमें रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना और प्रदेश में दो नए एक्सप्रेस-वे के निर्माण का फैसला प्रमुख रहा. साथ ही सरकार ने विधानसभा के मानसून सत्र की तिथियों का भी ऐलान किया.**



कैबिनेट के निर्णय के अनुसार, प्रदेश में स्नातक की पढ़ाई कर रही मेधावी छात्राओं को रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के तहत स्कूटी उपलब्ध कराई जाएगी. इस योजना का लाभ उन छात्राओं को मिलेगा, जिनके परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रुपये से कम है. प्रत्येक विश्वविद्यालय और महाविद्यालय की शीर्ष पांच प्रतिशत छात्राओं को स्कूटी प्रदान की जाएगी. उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि सरकार केवल स्कूटी ही नहीं देगी, बल्कि उसका पंजीकरण, बीमा, हेलमेट, आवश्यक सहायक सामग्री और पांच लीटर पेट्रोल भी उपलब्ध कराया जाएगा. उन्होंने कहा बताया कि स्कूटी पेट्रोल चालित होगी और इसकी खरीद सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेम) पोर्टल के माध्यम से की जाएगी. उन्होंने बताया कि दिव्यांग छात्राओं, शहीदों की बेटियों तथा निराश्रित परिवारों की बेटियों के लिए वार्षिक आय सीमा की शर्त लागू नहीं होगी. इससे दिल्ली से बिहार और 130 किमी लंबे विंध्य-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस-वे के निर्माण से पूर्वांचल एक-दूसरे से जुड़ जाएंगे.

# हरियाणा सरकार ने किसानों की दो मांगें मानीं

## चढ़ूनी की रिहाई पर बनी सहमति

**चंडीगढ़, 21 जुलाई। दिल्ली कूच की रणनीति के बीच किसानों और हरियाणा सरकार के बीच हुई अहम बैठक में दो महत्वपूर्ण मांगों पर सहमति बन गई है. किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा से मुलाकात कर किसानों की ओर से मांग पत्र सौंपा.**

बैठक में अंबाला के उपायुक्त भी मौजूद रहे. किसानों ने मांग की कि किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी को जल्द रिहा किया जाए और किसानों की केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ वार्ता कराई जाए, ताकि लंबे समय से लंबित मुद्दों पर समाधान निकल सके. बैठक के बाद हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि राज्य सरकार ने दोनों मांगों को स्वीकार कर लिया है. उन्होंने कहा कि गुरनाम सिंह चढ़ूनी की जल्द रिहाई सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. इसके साथ ही अगले एक सप्ताह के भीतर किसानों की

# सिक्किम सुरंग हादसे में 10 मजदूरों की मौत

## गृह मंत्री अमित शाह ने राहतकार्य में भरोसा दिया


**गंगटोक, 21 जुलाई. सिक्किम के नामची जिले के समरडुंग क्षेत्र में निर्माणाधीन सुरंग हादसे के बाद राहत और बचाव अभियान युद्धस्तर पर जारी है. सोमवार दोपहर लैंडस्लाइड के बाद सुरंग का प्रवेश द्वार बंद हो गया था, जिसके कारण कई मजदूर अंदर फंस गए.**

हालात उस समय और गंभीर हो गए, जब सुरंग के भीतर मीथेन गैस का रिसाव शुरू हो गया. गैस की मौजूदगी के कारण बचावकर्मियों को अंदर जाने और फंसे मजदूरों तक पहुंचने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है. राष्ट्रीय आपदा मोचन बल ने जानकारी दी है कि अब तक सुरंग से 10 मजदूरों के शव बाहर निकाले जा चुके हैं, जबकि 12 मजदूरों को जीवित बचाया गया है. हालांकि सुरंग के अंदर अभी कितने लोग फंसे हुए हैं, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है. एनडीआरएफ अधिकारियों का कहना है कि सुरंग की लंबाई करीब 1.5 किलोमीटर है और गैस रिसाव के कारण बचाव कार्य बेहद सावधानी से किया जा रहा है. रेस्क्यू टीम के जवान ऑक्सीजन मास्क पहनकर अंदर काम कर रहे हैं. हादसे के बाद एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिक्किम पुलिस, अग्निशमन विभाग और आपातकालीन सेवाओं की टीमें लगातार मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकालने में जुटी हैं.

> **रोकी केदारनाथ यात्रा**
>
> **देहरादून.** उत्तराखंड में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन के साथ-साथ चारधाम यात्रा को भी प्रभावित किया है. रुद्रप्रयाग जिले में कई स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं सामने आने और केदारनाथ तथा बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग के संवेदनशील हिस्सों में मलबा एवं बोल्डर गिरने के खतरे को देखते हुए जिला प्रशासन ने एहतियातन केदारनाथ यात्रा को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया है. प्रशासन का कहना है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है और यात्रा दोबारा तभी शुरू की जाएगी, जब मौसम पूरी तरह सामान्य हो जाएगा तथा संबंधित एजेंसियां मार्ग को सुरक्षित घोषित कर देंगी.

# किसानों तक समय पर पहुंचे उर्वरक

## मानसून-बुवाई पर कृषि मंत्रालय में शिवराज ने की समीक्षा बैठक



**नई दिल्ली, 21 जुलाई। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित कृषि मंत्रालय की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में खरीफ मौसम की तैयारियों और कृषि गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई.**

बैठक में खरीफ फसलों की बुवाई की प्रगति, दक्षिण-पश्चिम मानसून की स्थिति, संभावित एल नीनो प्रभाव, वर्षा की कमी वाले संवेदनशील जिलों, उर्वरकों एवं बीजों की उपलब्धता तथा जलाशयों में जल भंडारण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई. बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि 17 जुलाई 2026 तक देश में खरीफ फसलों की बुवाई 658.19 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हो चुकी है. हालांकि पिछले वर्ष की तुलना में कुल बुवाई क्षेत्र में कुछ कमी दर्ज की गई है, लेकिन कई राज्यों में धान, दलहन और अन्य खरीफ फसलों की बुवाई संतोषजनक गति से आगे बढ़ रही है.

# ब्रिटेन में कनिष्क बने एआई मंत्री

## भारतीय मूल के हैं ब्रिटिश सांसद कनिष्क नारायण

**नई दिल्ली, 21 जुलाई. भारतीय मूल के ब्रिटिश सांसद कनिष्क नारायण को ब्रिटेन सरकार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मंत्री नियुक्त किया गया है.**



उन्हें कैबिनेट ऑफिस और डिपार्टमेंट फॉर बिजनेस, इनोवेशन, साइंस एंड ट्रेड में संयुक्त रूप से राज्य मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है. नई भूमिका में वह ब्रिटिश कैबिनेट की बैठकों में भी हिस्सा लेंगे.10 डाउनिंग स्ट्रीट ने दी नियुक्ति की जानकारी10 डाउनिंग स्ट्रीट के एक्स अकाउंट के जरिए कनिष्क नारायण की नियुक्ति की जानकारी साझा की गई. सरकार ने उन्हें कैबिनेट में शामिल करते हुए एआई से जुड़े मामलों की जिम्मेदारी सौंपी है. यह नियुक्ति आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में ब्रिटेन की प्राथमिकताओं और भविष्य की रणनीति को भी दर्शाती है. नियुक्ति के बाद कनिष्क नारायण ने एक्स पर कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानव इतिहास की सबसे महत्वपूर्ण तकनीकों में से एक साबित हो सकती है. इसका प्रभाव अन्य तकनीकी बदलावों की तुलना में कहीं अधिक व्यापक होगा.

## वियतनाम में बस में लगी आग, 7 की मौत

**हनोइ.** मंगलवार सुबह वियतनाम के लाम डोंग प्रांत से हो ची मिन्ह सिटी जा रही एक 24 सीटों वाली यात्री बस भीषण हादसे का शिकार हो गई. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बस सड़क से अनियंत्रित होकर टकरा गई, जिसके बाद उसमें आग लग गई. देखते ही देखते आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया. इस हादसे में सात यात्रियों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए. घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है. वियतनाम के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि कई यात्री बस के अंदर ही फंस गए.

### एक नजर में

## गुजरात में 28 आईएएस अधिकारियों का बड़ा तबादला

**अहमदाबाद.** गुजरात सरकार ने मंगलवार को प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए 28 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं. राज्य सरकार की ओर से जारी आदेश के अनुसार, कई महत्वपूर्ण विभागों और स्थानीय निकायों में तैनात अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं. इस बदलाव में नगर निगमों के आयुक्त, जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) और विभिन्न सरकारी संस्थानों के प्रबंध निदेशक स्तर के अधिकारी शामिल हैं. जूनागढ़ के म्युनिसिपल कमिश्नर प्रभाव जोशी का स्थानांतरण गांधीनगर स्थित गुजरात औद्योगिक विकास निगम (जीआईडीसी) में संयुक्त प्रबंध निदेशक के पद पर किया गया है. वहीं, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ गुजरात के सचिव आईआर वाला को जूनागढ़ का नया म्युनिसिपल कमिश्नर नियुक्त किया गया है. इसके अलावा पोरबंदर के म्युनिसिपल कमिश्नर एचजे प्रजापति का तबादला अमरेली के जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) के पद पर किया गया है.


## पटना के 4 स्कूलों को बम धमकी से अफरा-तफरी

**पटना.** बिहार की राजधानी पटना में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब डीपीएस समेत चार स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने की जानकारी सामने आई. धमकी की सूचना मिलते ही स्कूल प्रशासन ने तत्काल सतर्कता बरतते हुए परिसर में मौजूद सभी बच्चों और कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया. इसके बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी गई, जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां तुरंत सक्रिय हो गईं. यह मामला पटना के दानापुर क्षेत्र का बताया जा रहा है, जहां चार स्कूलों को धमकी भरे ईमेल भेजे गए. सूचना मिलने के बाद पुलिस टीमों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया. सुरक्षा के मद्देनजर स्कूल परिसरों को खाली कराया गया और किसी भी संभावित खतरे को देखते हुए जांच अभियान शुरू किया गया.

## हस्तियों के ट्वीट



इटली के प्रधानमंत्री जॉर्जिया मिलोनी ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि बोलोग्ना में प्रवेश करना अस्वीकार्य है .अब्देर्रहीम फकीर की मृत्यु का कारण यह है कि वह अपनी अंतिम जिम्मेदारी को गंभीरता से लेना चाहता था. फोन्डो में अंतिम परिणाम प्राप्त करने के बाद, आप नेसुनो के लिए पहले से ही एक निश्चित समय प्राप्त कर सकते हैं. मुझे अभी भी फोर्ज डेल ऑर्डिन पर वायोलेंस नियंत्रण की आवश्यकता है.



देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि सिक्किम के नामची ज़िले में बन रही सुरंग के पास भूस्खलन से हुई कीमती जानों के नुकसान से मुझे गहरा दुख हुआ है. मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है और मेरी प्रार्थनाएं घायलों के साथ हैं. प्रभावित लोगों की मदद के लिए बचाव कार्य चल रहे हैं.

# विदेश मंत्रालय ने रूसी राजनयिक को किया तलब

**नई दिल्ली, 21 जुलाई. यूक्रेन के तट के पास एक वाणिज्यिक जहाज पर हुए मिसाइल हमले में चार भारतीय नाविकों की मौत के बाद भारत ने कड़ा राजनयिक कदम उठाया है. विदेश मंत्रालय ने 21 जुलाई 2026 को रूस के चार्ज डी'अफेयर्स व्लादिमीर लाडानोव को तलब कर इस घटना पर भारत की नाराजगी और चिंता से अवगत कराया.**



19 जुलाई 2026 की शाम ओडेसा बंदरगाह से रवाना हो रहे एमवी गोल्डन लियो नामक मर्चेंट जहाज को निशाना बनाकर मिसाइल हमला किया गया था. इस हमले में जहाज पर मौजूद चार भारतीय नागरिकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य भारतीय नाविक गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना के बाद भारत ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताई और घायल नाविक के उपचार को लेकर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की.

विदेश मंत्रालय ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि नागरिक जहाजों को निशाना बनाना किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है. मंत्रालय ने कहा कि समुद्री मार्गों की सुरक्षा अंतरराष्ट्रीय व्यापार व्यवस्था के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और ऐसे हमले वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला तथा समुद्री सुरक्षा को प्रभावित कर सकते हैं. भारत ने इस मामले में रूस के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए घटना की गंभीरता को रेखांकित किया है.

भारतीय पक्ष का कहना है कि युद्ध जैसी परिस्थितियों में भी आम नागरिकों और वाणिज्यिक गतिविधियों से जुड़े लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए. एमवी गोल्डन लियो पर हुआ यह हमला ऐसे समय में सामने आया है, जब यूक्रेन क्षेत्र में सैन्य गतिविधियां जारी हैं और काला सागर क्षेत्र में जहाजों की सुरक्षा को लेकर लगातार चिंताएं बनी हुई हैं.

## आज का इतिहास

1981 – भारत के पहले भूस्थिर उपग्रह ऐपल ने कार्य करना शुरू किया.

1988– अमेरिका के 500 वैज्ञानिकों ने पेंटागन में जैविक हथियार बनाने के शोध का बहिष्कार करने की प्रतिज्ञा ली.

1999 – अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा समान कार्य के लिए समान पारिश्रमिक की कार्य योजना लागू.

2001 – शेर बहादुर देउबा नेपाल के नये प्रधानमंत्री बने, समूह-आठ देशों का जिनेवा में सम्मेलन सम्पन्न.

2003 – इराक में हवाई हमले में तानाशाह सद्दाम हुसैन के दो बेटे मारे गए.

# संसद में खुलासा, 10 देशों संग व्यापार समझौते की तैयारी

- वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा
- आसियान और विदेशी समझौते करेंगे आकर्षित



**नई दिल्ली, 21 जुलाई। केंद्र सरकार ने संसद में जानकारी देते हुए बताया कि भारत वैश्विक व्यापार को विस्तार देने के लिए कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर तेजी से काम कर रहा है.**

वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने राज्यसभा में कहा कि भारत केवल अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ ही नहीं, बल्कि दुनिया के कई अन्य प्रमुख देशों और आर्थिक समूहों के साथ भी व्यापारिक साझेदारी को मजबूत बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है.अमेरिका और यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत महत्वपूर्ण चरण में है. इसके अलावा कनाडा, इजरायल, चिली, पेरू, मालदीव तथा यूरेशियन आर्थिक संघ सहित कई देशों और समूहों के साथ भी वार्ता तेजी से आगे बढ़ रही है. साथ ही आसियान देशों के साथ मौजूदा व्यापार व्यवस्था की समीक्षा और उसे अधिक प्रभावी बनाने पर भी काम किया जा रहा है. इन समझौतों का मुख्य उद्देश्य भारतीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक अधिक प्रतिस्पर्धी तरीके से पहुंचाना है. इससे देश के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा, व्यापारिक बाधाएं कम होंगी और भारतीय उद्योगों को नए बाजार उपलब्ध होंगे. विशेष रूप से कृषि, वस्त्र, औषधि, इंजीनियरिंग उत्पाद, रसायन, रत्न एवं आभूषण तथा सेवा क्षेत्र को इन समझौतों से लाभ मिलने की संभावना है. केंद्र सरकार का मानना है कि नए व्यापार समझौते विदेशी निवेश को आकर्षित करने के साथ-साथ देश में विनिर्माण गतिविधियों को भी गति देंगे. इससे 'मेक इन इंडिया' अभियान को मजबूती मिलेगी और लाखों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर तैयार होंगे. सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत की व्यापार नीति अब केवल कुछ चुनिंदा देशों तक सीमित नहीं है. बदलती वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों को देखते हुए नए बाजारों तक पहुंच बनाना, आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करना और भारतीय निर्यातकों को अधिक अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है.

**निवेश** | पीएलआई योजनाओं से 2.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश

# 14.15 लाख से ज्यादा रोजगार सृजित : सरकार

**नई दिल्ली, 21 जुलाई. केंद्र सरकार की उत्पादन-संबंधित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं ने देश में विनिर्माण क्षेत्र को नई गति दी है. सरकार ने बताया कि 31 मार्च 2026 तक पीएलआई योजनाओं के तहत 2.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक का वास्तविक निवेश आकर्षित हुआ है, जबकि 14.15 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित किए गए हैं.**



इन योजनाओं के माध्यम से 15.2 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात दर्ज किया गया है, जिससे भारत की वैश्विक विनिर्माण और निर्यात क्षमता को उल्लेखनीय मजबूती मिली है. यह जानकारी वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने मंगलवार को लोकसभा में एक लिखित उत्तर में दी. सरकार ने भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने, निवेश आकर्षित करने, निर्यात बढ़ाने, रोजगार सृजित करने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को मजबूत करने के उद्देश्य से 14 प्रमुख सेक्टरों के लिए 1.91 लाख करोड़ रुपये के स्वीकृत वित्तीय परिव्यय के साथ पीएलआई योजनाएं शुरू की हैं. उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग इन योजनाओं के समग्र समन्वय और निगरानी के लिए नोडल विभाग की भूमिका निभा रहा है. जबकि संबंधित मंत्रालय और विभाग अपने-अपने क्षेत्रों में योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदार हैं. इसी अवधि में मोबाइल फोन के आयात में करीब 77 प्रतिशत की कमी आई है और वर्तमान में भारत में उपयोग होने वाले लगभग 99.2 प्रतिशत मोबाइल फोन देश में ही निर्मित किए जा रहे हैं.

> सरकार के अनुसार, पीएलआई योजनाओं की शुरुआत से अब तक विभिन्न क्षेत्रों से 15.2 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निर्यात हुआ है. यह वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भारत की बढ़ती भागीदारी और विनिर्माण क्षमता में हुए विस्तार को दर्शाता है. पिछले तीन वर्षों में पीएलआई सेक्टरों के निर्यात में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है. मार्च 2024 तक जहां संचयी निर्यात 4 लाख करोड़ रुपये था, वहीं मार्च 2025 तक यह बढ़कर 6.5 लाख करोड़ रुपये और मार्च 2026 तक 15.2 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया. सरकार ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में पीएलआई योजना लागू होने के बाद मोबाइल फोन उत्पादन में लगभग 2.4 गुना वृद्धि हुई है.